**प्रेस नोट**

**दिनांक 06.09.2025**

**श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा रहमानिया स्पोर्टस ग्राउण्ड मौदहा में दंगा नियत्रंण/ बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया।**

आज दिनांक 06.09.2025 को श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर व पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर के द्वारा दंगा नियन्त्रण जोनल टीम व पुलिस बल के साथ रहमानिया स्पोर्टस ग्राउण्ड मौदहा में बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया।

अभ्यास के दौरान समस्त अधिकारी व कर्मचारियों को दंगा निरोधी उपकरणों जैसे एन्टी राइट गन, रबर बुलेट, अश्रुगैस के गोले, ग्रेनेड, डंडा, हेलमेट, वॉडी प्रोटेक्टर, कैन्शील्ड, हैण्ड गार्ड/लेग गार्ड आदि के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी तथा उनको चेक करते हुए अल्प समय में इन उपकरणों से सुसज्जित होकर दंगा नियन्त्रण करने का अभ्यास कराया गया।

दंगा नियंत्रण की समस्त पुलिस पार्टियों को दंगा नियंत्रण के समय उनके कर्तव्यों को जांचा व परखा गया तथा दंगा नियंत्रण किटों का निरीक्षण कर दंगा नियंत्रण किट को व्यवस्थित रूप से धारण करने व उसके उपयोग करने हेतु अभ्यास कराया गया।

सभी को सदैव दंगा निरोधी उपकरणों से अल्प समय में ही सुसज्जित होने, साफ-सुथरी वर्दी धारण करने, पुलिस विभाग की गरिमा बनाये रखने हेतु सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश व हिदायत दी गयी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी मौदहा व प्रभारी यातायात व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहें।





